हम श्याम दीवाने है

हम श्याम दीवाने है ये शान से कहते है,
दिन रात सांवरे की मस्ती में रहते है,

मिल जाये कोई प्रेमी न हेलो न हाय,
बाबा का नाम लेके जय श्याम की कहते है,
दिन रात सांवरे की मस्ती में रहते है,

जब संग संवारा है किस बात की चिंता है,
खुशिया और गम सारे हस्ते हुए सहते है ,
दिन रात सांवरे की मस्ती में रहते है,

कोई पूछे पता हमसे क्या ठोर ठिकाना है ,
हम अपने सांवरे के चरणों में ही रहते है,
दिन रात सांवरे की मस्ती में रहते है,

मेरी जीवन नैया का है श्याम खिवैया तू,
जब टूटे सब दुनिया हम शान से कहते है,
दिन रात सांवरे की मस्ती में रहते है,

क्या लेना है दुनिया से सब चोर शराभा है,
मीतू के भजनो में हम खोये रहते है,
दिन रात सांवरे की मस्ती में रहते है,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8399/title/hum-shyam-diwane-hai-ye-shaan-se-kehte-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |